नववर्ष पर जयपुर पुलिस ने काटे 4 हजार 447 चालान

शराब पीकर गाड़ी चलाते सिर्फ 17 लोग पकड़े गए

जयपुर (कासं)। नववर्ष-2023 के स्वागत का जश्न राजधानी जयपुर में लोगों ने उत्साह से साथ मनाया। रात 12 बजे पार्टी से लौट रहे लोग हैप्पी न्यू ईयर चिल्लाते हुए नजर आए। कई लोगों ने दूध पीकर नया साल मनाया तो कई लोगों ने घर पर पकौड़ी व गाजर का हलवा खाकर आनन्द लिया। जयपुर पुलिस ने नए साल पर शराब पीकर गाड़ी दौड़ाने वालों पर सख्ती बरती। एक ही दिन में 4447 लोगों के चालान काटे गए। नए साल पर हुड़दंग-उत्पात मचाने वाले लोगों पर नजर रखने के लिए भी इस बार पुलिस का अलग जाप्ता तैनात रहा। ट्रैफिक और थाना पुलिस ने शहर में जगह-जगह चैकिंग प्वाइंट बनाए थे।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) कैलाश विश्नोई ने बताया कि नए साल के जश्न में शराब पीकर आने वालों पर खास नजर रखी। यही कारण रहा कि पुलिस ने सुबह से लेकर रात तक एक ही दिन में 4 हजार 447 कार्रवाई की। इसमें 17 शराबी वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए उनके चालान काटे। नाकाबंदी पॉइंट पर दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों पर पुलिस की सख्ती दिखी। नाकाबंदी में खड़े पुलिसकर्मी चौपहिया वाहनों को रोककर तलाशी लेते हुए दिखाई दिए। नए साल के जश्न में कोई खलल न हो, इसके लिए लिए पुलिस अधिकारी भी गश्त व्यवस्था संभालते हुए नजर आए। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से शहर में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात किया गया था। जाप्ते में सहायक पुलिस आयुक्त, पुलिस निरीक्षक, उप निरीक्षक एवं सहायक उप निरीक्षक, हैड कांस्टेबल, कांस्टेबल महिला कांस्टेबल, होमगार्ड और आरएसी कंपनी को तैनात किया गया था।

पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने सख्त हिदायत दी थी कि अगर कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर खुले में शराब पीता हुआ दिखाई दे तो उसे तत्काल गिरफ्तार किया जाए। हांडकंपाती हुई सर्दी में भी पुलिसकर्मी ड्यूटी पर मुस्तैदी से खड़े दिखाई दिए।

नववर्ष की पूर्व संध्या पर यातायात पुलिसकर्मियों ने देर रात तक शहर में गुजरने वाले वाहनों की चैकिंग की।

- **हुड़दंग और उत्पात मचाने वाले लोगों पर नजर रखने के लिए रातभर सर्दी में मुस्तैदी से ड्यूटी करते नजर आए पुलिसकर्मी**

डिवाइडर से बाइक टकराने पर युवक की दर्दनाक मौत

जयपुर (कासं)। सोडाला थाना इलाके में शनिवार देर रात एलिवेटेड रोड पर डिवाइडर से बाइक टकराने से युवक की मौत हो गई।

पुलिस ने शव को एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है जहां रविवार सुबह उसका पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया गया है। इस मामले की जांच पड़ताल सड़क दुर्घटना थाना पुलिस दक्षिण कर रही है।

पुलिस ने बताया कि मृतक राहुल सैनी खजाने वालो का रास्ता जयपुर का रहने वाला था और वह एक कार कंपनी के शोरूम में काम करता था। जो शनिवार देर रात 11 बजे अजमेर रोड से एलिवेटेड रोड पर होकर जा रहा था।

इस दौरान सोडाला के पास घुमाव के दौरान उसकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में राहुल की मौत हो गई। हालांकि अभी तक यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि बाइक डिवाइडर से टकराई या किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है। दुर्घटना थाना साउथ पुलिस दोनों पहलुओं पर जांच कर रही हैं।

हिस्ट्रीशीटर समेत तीन बदमाश हथियार लेकर घूमते गिरफ्तार

वैशाली नगर पुलिस और डीएसटी टीम ने हिस्ट्रीशीटर और उसके दो साथियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया।

जयपुर (कासं)। वैशाली नगर पुलिस और डीएसटी टीम ने हिस्ट्रीशीटर और उसके दो साथियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक देशी कट्टा व दो कारतूस जब्त किए हैं।

डीसीपी वंदिता राणा ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर अकरम मिर्जा (28) निवासी हसनपुरा जयपुर, कुन्दन उर्फ कुणाल सिंह (22) निवासी धानका बस्ती हसनपुरा और दिलीप उर्फ चुनु कुमावत (21) निवासी लालपुरा कॉलोनी वनस्थली मार्ग जालुपुरा को खिरनी फाटक से गिरफ्तार कर इनके पास से एक देसी कट्टा और दो जिन्दा कारतुस बरामद किया है।

पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने आपस में मिलकर किलर गुट बना रखा है। जिसका मुख्य सरगना मुजम्मिल निवासी हसनपुरा जयपुर है। जिनकी साजिद उर्फ धावा जो पुलिस थाना ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर का हार्डकोर अपराधी है, जिससे रंजिश चल रही है। जिसके चलते गुट बनाकर अपने गुट का नाम वर्चस्व में लाने के लिए आपस में मारपीट करते है। फिलहाल आरोपियों से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

एसीपी वैशाली नगर आलोक सैनी ने बताया कि इस संबंध में परिवादी उमर ने 26 दिसम्बर को मामला दर्ज करवाया था कि वह अपने दोस्त मोहम्मद शाहिद के साथ सिरसी रोड एसी आर अस्पताल के पास पहुंचे । तभी अचानक एलम, मुजम्मिल, फूरकान, अकरम, शहजाद उर्फ डूडी, नेमा, राहुल नन्दा सहित इनके साथी हाथों में तलवार और लोहे के पाइप लेकर बाइकों पर आए और जान से मारने के लिए हमला कर पटक हवाई फायर कर भाग गए।

मोहम्मद शाहिद के मारपीट में गंभीर चोट आने से ट्रामा सेंटर एसएमएस अस्पताल जयपुर में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई। इसी दौरान विरोधी गुट के सरगना दानिश भौट, रहिस व्यापारी, मौसिन, इमरान डेंटल, नौशाद कालिया सहित अन्य लोगों ने 29 दिसंबर के जवाहर नगर थाना इलाके के राजा पार्क में एक और वारदात को अंजाम देते हुए घात लगाकर इस घटना में घायल हार्डकोर शाहिद के सहयोगी फुरकान पर जान लेवा हमला कर पैर तोड दिये। इस पर जवाहर नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर दूसरे गुट के सरगनाओ की तलाश कर रही है।

नए साल पर गिरिजाघरों में हुई विशेष आराधना

जयपुर (कासं)। नववर्ष-2023 के पहले दिन रविवार को राजधानी के गिरिजाघरों में समाजजानों ने विशेष आराधना की।

इस मौके पर चांदपोल, मानसरोवर, मालवीयनगर सहित अन्य गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना समाजजानों ने की। चांदपोल स्थित सेंट एंड्रयूज चर्च में पादरी दीपक बेरिस्टो और रंजन बेहरा की मौजूदगी में प्रार्थना हुई।

विशेष प्रार्थना सभा में बाइबल पाठ का वाचन किया। छोटे बच्चों के नामकरण संस्कार भी हुए। बेरिस्टो ने प्रभु यीशु संदेशों को बताया। यह साल खुशियों से भरा रहे इसके लिए समाज की खुशहाली और देश की शांति, समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

छोटे बच्चों के माता-पिता ने बच्चों के नामकरण करवाए। समाजजनों को प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया। घाटगेट, मानसरोवर, झोटवाड़ा, मालवीय नगर, सी-स्कीम, विदयाधरनगर सहित अन्य जगहों पर विशेष आराधना हुई। इस दौरान समाजजनों ने एक दूसरे को नए साल की बधाई भी दी।

सड़क पर पलटे टैंकर से रातभर रिसता रहा पेट्रोल, लोगों ने दहशत के बीच रात गुजारी

जमवारामगढ़ रोड पर शनिवार देर रात अनियंत्रित टैंकर सड़क के दूसरी तरफ आ रही पिकअप के बोनट पर गिरा था, हादसे के बाद चालक फरार हुआ

जयपुर (कासं)। जयसिंहपुरा थाना इलाके में स्थित जमवारामगढ़ रोड पर शनिवार रात पेट्रोल से भरा टैंकर पलट गया। जानकारी में सामने आया कि अनियंत्रित टैंकर दूसरी साइड में जाकर एक पिकअप के बोनट पर जा गिरा। जिससे टैंकर से पेट्रोल के रिसाव होने लगा। पेट्रोल के रिसाव होने से लोगों में दहशत फैल गई। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल से करीब ढाई किलोमीटर दूर दोनों तरफ से ट्रैफिक को बंद कर दिया। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड(एचपीसीएल) के इंजीनियर्स को बुलाकर टैंकर को खाली करवाया गया। रविवार तड़के रोड से टैंकर और पिकअप को हटाकर बाधित ट्रैफिक को दुबारा चालू किया गया।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर) धर्मेन्द्र सागर ने बताया कि जयसिंहपुरा थाना इलाके में स्थित जमवारामगढ़ रोड नाई की थड़ी के पास शनिवार रात पेट्रोल से भरा टैंकर पलटी खा गया। अचानक अनियंत्रित टैंकर रोड के दूसरी साइड जा रही पिकअप के बोनट पर जा गिरा। हादसे के बाद ड्राइवर मौके पर टैंकर छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना के कारण टैंकर से पेट्रोल का रिसाव होने लगा। पेट्रोल के रिसाव का पता चलने पर लोगों में दहशत फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत सिविल डिफेंस टीम को भी बुलाया। किसी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए घटनास्थल से करीब ढाई किलोमीटर दूर दोनों तरफ का ट्रैफिक बंद कर दिया। ट्रैफिक को डायवर्ट कर दूसरे रास्तों से निकाला गया। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन के इंजीनियर्स को बुलाकर रिसाव को रोकने का प्रयास किया गया। देर रात टैंकर से पैट्रोल का रिसाव होता रहा। पेट्रोल को दूसरे टैंकर में खाली करवाया गया। टैंकर बिजली के ट्रांसफार्मर के पास पलटा। गनीमत रही कि बिजली के तारों में चिंगारी नहीं निकली थी। चिंगारी से रिसाव हो रहे पेट्रोल में आग लग सकती थी। फरार हुए चालक के मिलने के बाद ही पता चलेगा कि टैंकर कैसे पलटा। रविवार तड़के रोड से टैंकर और पिकअप को क्रेन की मदद से हटवाया गया है। जिसके बाद दुबारा ट्रैफिक को सुचारू करवाया।

- **पुलिस ने ढ़ाई किलोमीटर दूर ट्रैफिक रोक लिया था, रातभर एचपीसीएल के इंजीनियर्स व सिविल डिफेंस टीम ने पेट्रोल दूसरे टैंकर में खाली किया**
- **दरअसल विद्युत ट्रांसफार्मर के नजदीक टैंकर पलटा था, यह तो गनीमत रही कि बिजली के तारों से चिंगारी नहीं निकली, अन्यथा बड़ा हादसा हो जाता**

तापड़िया टूल्स ने लांच किए ज्वैलरी निर्माण के औजार

जयपुर, (का.सं.)। हैंड टूल्स निर्माता कंपनी "तापड़िया टूल्स" ने अपनी मायको ज्वैलरी प्लायर्स रेंज बाजार में पेश की है, जो कि विशेष स्टील से बनाई गई है। यह अधिक टिकाऊ और मजबूत होने के साथ-साथ जंग प्रतिबंधित और दीर्घकाल तक चलने वाले औजार हैं। इन औजारों (टूल्स) को विशेष रूप से आभूषण डिजायनरों और श्रमिकों के लिए बनाया गया है। आवश्यकता अनुसार विभिन्न प्रकार के आभूषण बनाने में काम आने वाले औजार जैसे कि फ्लैट नोज, राऊंड नोज और लॉग नोज उपकरण उपलब्ध है। कंपनी का दावा है कि तापड़िया मायको ज्वैलरी प्लायर्स अच्छी, वैल्यू-फॉर-मनी खरीदारी है जो न केवल ज्वैलरी वर्कर्स बल्कि, अन्य कामगारों के लिए भी उपयोगी है। ज्ञात रहे कि तापड़िया टूल्स आई.एस.ओ 9001-2015 प्रमाणित कंपनी है, जो हैंड टूल्स सैगेंट में मार्केट लीडर है। कंपनी की प्राथमिकता उच्च गुणवत्ता वाले अद्वितीय और विशेष हाथ उपकरण बनाने की होती है।

गलता तीर्थ में पौष बड़ा प्रसादी

गलता तीर्थ में रविवार को महंत स्वामी अवधेशाचार्य के सान्निध्य में पौष बड़ा महोत्सव हुआ। इससे पहले नए साल के पहले दिन गलता स्नान के लिए यहां पहुंचे। भक्तों ने पंगत में बैठ कर पौष बड़ा प्रसादी पाई। स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि ठाकुरजी को पौष बड़ा, गाजर का हलवा, पूड़ी-सब्जी आदि का भोग लगाया। भगवान का मनमोहक श्रृंगार कर आरती की गई। भजन संध्या में कलाकारों ने भजनों से भगवान को रिझाया।

कुल्हाड़ी मारकर श्वान की हत्या, मामला दर्ज

जयपुर (कासं)। करधनी इलाके में सड़क पर घूम रहे श्वान (कुत्ते) को कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक पहले भी तीन कुत्तों को मारने की कोशिश कर चुका है। करधनी थाने में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

पुलिस ने बताया कि बालाजी विहार विस्तार गोविन्दपुरा निवासी वेटनरी डॉक्टर मनीष पारीक (32) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि उनके घर के पीछे खेत में बंसीलाल कुमावत (45) परिवार के साथ रहता है। 29 दिसम्बर की शाम करीब 6 बजे घर के बाहर स्ट्रीट डॉग घूम रहा था। कुत्ते को घूमते देखकर बंसीलाल दौड़ते हुए आया और कुत्ते पर कुल्हाड़ी फेंक कर मारी। कुत्ते के सिर में कुल्हाड़ी लगने से वह रोड पर गिर पड़ा। आरोपी बंसीलाल घायल कुत्ते के पास से कुल्हाड़ी लेकर वहां से चला गया। पडौसियों ने कॉल कर डॉ. मनीष को कुत्ते पर जानलेवा हमले के बारे में बताया। पता चलने पर मनीष तुरंत घर पहुंचा और घर के बाहर रोड पर पड़े घायल कुत्ते को तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाया। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान कुत्ते की मौत हो गई। 31 दिसम्बर को करधनी थाने में कुत्ते को मारने वाले आरोपी बंसीलाल कुमावत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई। पीड़ित मनीष ने बताया कि इससे पहले भी आरोपी बंसीलाल कुमावत तीन कुत्तों को मारने की कोशिश कर चुका है। उस संबंध में 27 मई को करधनी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। गत 25 मई की शाम करीब 8:15 बजे बंसीलाल कुमावत, उसका बेटा और दोनों बेटियों के साथ लाठी-कुल्हाड़ी लेकर घूम रहा था। उनके घर के बाहर पेड़-पौधों में सो रहे 3 कुत्तों को जान से मारने के लिए हमला कर दिया। लाठी-कुल्हाड़ी से कुत्तों पर वार किया, लेकिन कुत्ते वहां से भाग निकले।

राम-भरत मिलाप के प्रसंग सुनाए

जयपुर (कासं)। राम सेवा संस्थान की ओर से खातीपुरा पुलिया स्थित शिव तेजाजी मंदिर में राम कथा में कथावाचक आचार्य पवन भारद्वाज ने राम भरत मिलाप प्रसंग सुनाए। राम रतन देवाचार्य ने श्रद्धालुओं को आशीर्वचन दिया। रमेश कुमावत, महेश शर्मा, संदीप शर्मा, अशोक सैनी, महेश सैनी और मुकेश प्रजापत मौजूद रहे।

सार-समाचार

55 रक्तदाताओं व चिकित्सकों का सम्मान

जयपुर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान की ओर से गंगापोल में आयोजित शिविर में सीएम के ओएसडी फारूक आफरीदी ने रक्तदाताओं व डॉक्टर्स को सम्मानित किया।

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान की ओर से गंगापोल में चिकित्सा, नशा मुक्ति और ब्लड डोनेशन कैंप, मोतियाबिंद, मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया। ब्लड डोनेशन कैंप में 55 यूनिट रक्त दान हुआ। शिविर में 50 नशा करने वाले पीड़ितों को निशुल्क दवाइयां दी गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के ओएसडी फारूक आफरीदी मुख्य अतिथि ने शिविर की सफलता के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का शुभ कामना संदेश पढ़ा। राज लक्ष्मी महिला बैंक,जयपुर के सीईओ इकबाल खान ने अध्यक्षता की। मोहम्मद शाकिर, हाजी लाल मोहम्मद, कमल भार्गव विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहा। नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेख खलील , जयपुर के जिला अध्यक्ष मोहम्मद यामीन रंगरेज , जयपुर हेरिटेज अध्यक्ष बाबू अंसारी ने निशुल्क नशा मुक्ति केंद्र खुलवाने, नशीले पदार्थों पर 5 ग्राम एनडीपीएस एक्ट में संशोधन और एक कमेटी बनाकर नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम ज्ञापन दिया। सदस्यों ने आशा की कि सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति से लिया फैसला राजस्थान को नशा मुक्त बनाने की दिशा में सफल कदम सिद्ध होगा। ऑपरेशन क्लीन स्वीप के जरिए जयपुर में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन और कई सामाजिक संगठनों के जरिए इसको पूरे राजस्थान में चलाया जाए और इसमें जो एनडीपीएस एक्ट की धारा 5 ग्राम पर सीमित है इसको कानून में संशोधन कर कम करा जाए ताकि अपराधियों को आसानी से जेल भेजा जा सके और इसमें गांजा, चरस, शराब जैसे नशे से पीड़ित लोगों के लिए राजस्थान के प्रत्येक जिले में निशुल्क नशा मुक्ति केंद्र बनाकर हर विधानसभा व प्रत्येक थाना क्षेत्र में पॉइंट बनाकर नशे से पीड़ित लोगों को 7 से 15 दिन कम से कम प्रशासन की देखरेख में उनका इलाज करवाया जाए। डॉक्टर, आईपीएस अधिकारी एवं समाज सेवकों की एक कमेटी बनाकर राजस्थान के प्रत्येक जिले में काम किया जाए क्योंकि नशा सारी अपराध की जड़ है। नशा मुक्ति जागरूकता अभियान की टीम के सदस्य हवामहल अध्यक्ष इसरार अहमद आदर्श नगर अध्यक्ष रईस खान अजीज खान फरीद पठान खान रियाज अहमद ने शिविर को सफल बनाने में सहयोग दिया।

चकवाड़ा बने तीसरी बार अध्यक्ष

जयपुर, (का.सं.)। दाधीच समाज सेवा समिति जयपुर महानगर के चुनाव होटल गुमान हेरिटेज पैलेस जयपुर में संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी एडवोकेट पवन शर्मा राजस्थान हाईकोर्ट बार सदस्य ने विधान के अनुसार चुनाव करवाए। समाज के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में सदस्यों ने विष्णु दत्त शर्मा (दाधीच) को तीसरी बार समाज का निर्विरोध अध्यक्ष चुना। कार्यकारणी में ज्योति बसु उपाध्यक्ष, अशोक दाधीच महासचिव, जितेंद्र दाधीच कोषाध्यक्ष, जय प्रकाश शर्मा सह सचिव, मुकेश शर्मा ,चंद्र मोहन दाधीच, राधेश्याम शर्मा,अजय शर्मा,पंकज आसोपा व शशि प्रकाश शर्मा को सदस्य निर्वाचित किया गया। पं. बाल किशन शर्मा युवा अध्यक्ष, चित्रा दाधीच को महिला अध्यक्ष व गरिमा दाधीच को महामंत्री मनोनित किया गया।

बाबा श्याम के जयकारे गूंजे

जयपुर । म्हारे घरा पधारों श्याम संस्था की ओर से मानसरोवर अग्रवाल फॉर्म सेक्टर-119 स्थित पार्क में श्याम भजन संध्या हुई। इस दौरान बाबा श्याम का अनुपम श्रृंगार, अखंड ज्योत छप्पन भोग झांकी सजाई गई। कलाकार पुरुषोत्तम बृजवासी, हेमलता खंडेलवाल, दिनेश संगम ने बाबा श्याम का गुणगान किया आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

ध्यान से मिली शांति की अनुभूति

जयपुर । परमहंस योगानंद के आविर्भाव दिवस के तहत नववर्ष के पहले सप्ताह में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। रविवार को टोंक रोड स्थित हिम्मत नगर स्थित योगदा सत्संग ध्यान केंद्र में विशेष ध्यान सत्र हुआ। सोमवार को एक स्कूल में मेडिटेशन शिविर होगा। पांच जनवरी को परमहंस योगानंद के जन्मदिवस पर योगदा सत्संग ध्यान केंद्र में सुबह एवं शाम को ध्यान सत्र एवं कीर्तन होगा।

मानवता की भलाई के लिए 21 बेटियां हुई समर्पित

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि. राजापार्क सब जोन की ओर से समर्पण समारोह संपन्न

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । नए साल में रविार को 21 बेटियों ने त्याग, तपस्या और निस्वार्थ सेवा से सृष्टि में परिवर्तन की दिशा में कदम रखा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजापार्क जयपुर सब जोन की ओर से 21 कन्याओं का समर्पण समारोह जवाहरसर्किल स्थित एक गार्डन में संपन्न हुआ। ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी पूनम, जयपुर सबजोन इंचार्ज ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी निर्मला दीदी के सान्निध्य में हुए लौकिक समारोह में बहनों ने पूर्णतया अपना जीवन समाज के लिए समर्पण किया। खासबात है कि यह बेटियां अब पूरी तरह से ब्रह्कुमारीज संस्थान में रहकर आध्यात्म के पथ पर अग्रसर रहकर अन्यजनों के लिए जीवन मार्गदर्शिका बनेगी। सभी बेटियां ग्रेजुएशन से लेकर नौकरी भी कर चुकी है। इस मौके पर मुख्य अतिथि रामचरण बोहरा, अर्चना शर्मा मौजूद रही।

बोहरा ने कहा कि यह बेटियां शक्ति स्वरूपा है, जिनकी जिम्मेदारी स्वयं परमात्मा ने ली है। दिल्ली शक्तिनगर सब जोन प्रभारी, रशिया निदेशक बीके राजयोगिनी चक्रधारी दीदी, फूल दीदी, शील दीदी सहित अन्य देशभर की प्रभारी मौजूद रही। चक्रधारी दीदी ने कहा कि केवल परामत्मा का परिचय जानना ही नहीं, उसके प्रति अर्पित होना भी परमात्मा के कार्य में सहयोगी बनना है, जो इन बहनों ने किया। सभी बहनें कई साल की अवधि से सब जोन के विभिन्न केंद्रों में रहकर आध्यात्म से जुड़ी रही। बीके पूनम नेकहा कि यह समारोह एक तरह से अलौकिक विवाह की तरह है। बहनें अपना जीवन भगवान शिव को अर्पित कर मानवता को बुराइयों और कुरीतियों से दूर ले जाना हे। इस मौके पर रंगारंग आध्यात्मिक कार्यक्रम हुए।

भूख हड़ताल पर बैठेंगे सैकड़ों लोग

जयपुर (कासं)। पृथ्वीराज नगर और आस-पास के क्षेत्र की मांगों को लेकर 8 जनवरी को एक दिवसीय सामूहिक भूख हड़ताल का आयोजन जगदम्बा पार्क, जगदम्बा कॉलोनी में किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर रविवार को जयपुर संयुक्त विकास महासमिति की बैठक जगदम्बा पार्क में हुई।

महासमिति अध्यक्ष ललित सिंह सांचौरा ने बताया की जगदंबा सर्कल पर एक दिन की सांकेतिक भूख हड़ताल की जाएगी। यह भूख हड़ताल नगरीय विकास विभाग और जेडीए की मनमानी के खिलाफ होगी। दोनों महकमों के फैसलों की वजह से यहां लोगों को पट्टे नहीं मिल पा रहे हैं। बिना जेडीए के पट्टे के बिजली कनेक्शन नहीं मिलता है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। बैठक में अनिल माथुर, ओम प्रकाश जाखड़, दीपक चौधरी, गजेंद्र सिंह पचलंगी, नानू राम कुमावत, अरविंद कौशिक आदि मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार यदि विद्युत मंत्रालय की वर्ष 2020 की गाइडलाइन लागू नहीं कर रही।

केंद्र सरकार की गाइडलाइन को लागू कर दे तो 20 हजार लोगों को पट्टे मिल सकेंगे।

किशोर सागर तलाव पर कुटुर इंस्टीट्यूट का फैशन शो संपन्न

जयपुर । कुटुर इंस्टीट्यूट ऑफ फ़ैशन टेक्नोलोजी की ओर से नव वर्ष के उपलक्ष्य में किशोर सागर तलाव की पाल पर फ़ैशन शो का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के डिज़ाइनर द्वारा तैयार कलेक्शन को प्रस्तुत किया गया। कलेक्शन की थीम फ़ैशन रेसोल्यूशन 2023 थी। संस्था की डाइरेक्टर पुजा राजवंशी ने बताया की आज के कार्यक्रम का उद्देश्य मनोरंजन के साथ साथ आने वाली बीमारियों खास तौर पर करोना से बचाव और उसके प्रति सावधान रहने के लिए लोगों को जागरूक करना था। नव वर्ष को देखते हुए संस्था के विद्यार्थी टीना, निकुंज, ईशिता, खुशी, अलिशा, सानया, रेहान, नुरेन, रानु, प्रियंका और रोशनी द्वारा कोरोना थीम पर ड्रेस डिज़ाइन किए और स्लोगंस के द्वारा करोना बीमारी के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया।